
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

नवंबर-दिसंबर 2022 | वर्ष-19 | अंक - 06



अहिवारा के पास 400 केवी ईएचटी लाइन


## स्वागतम् 2023

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

नवंबर-दिसंबर 2022 | वर्ष-19 | अंक - 06

## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद (IAS)**
अध्यक्ष



**श्रीमती उज्ज्वला बघेल**
प्रबंध निदेशक
(ट्रांसमिशन)



**श्री मनोज खरे**
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन)



**श्री एस. के. कटियार**
प्रबंध निदेशक
(जनरेशन)

**संपादक**

**गोविंद पटेल**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

सह संपादक : अनामिका मण्डावी

छाया : संजय टेम्बे, सहयोग : प्रसन्न दुबे

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com



# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवम्बर 2000 | नवंबर 2022 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.7 मेगावॉट |
| कुल ताप , जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2978.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | ....... | 1618.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेन्द्रों की संख्या | 27 नग | 129 नग |
| अति उच्चदाब लाइन की लंबाई | 5205 सर्किट किमी | 13617 सर्किट किमी |
| 33/11 केव्ही उपकेन्द्रों की संख्या | 248 नग | 1342 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6,988 सर्किट किमी | 23,990 सर्किट किमी |
| 11/04 केव्ही उपकेन्द्र की संख्या | 29,692 नग | 2,08,795 नग |
| 11 केव्ही लाईनों की लम्बाई | 40,556 किमी | 1,27,006 किमी |
| निम्नदाब लाइनों की लम्बाई | 51,314 किमी | 2,18,209 किमी |
| निम्नदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 18,90,998 | 61,07,239 |
| उच्चदाब उपभोक्ताओं की संख्या | 530 | 3,454 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक) | 73,369 | 5,00,627 |



# पांच स्थानों पर हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिये कार्ययोजना



प्रदेश में पांच जिलों में नई अत्याधुनिक तकनीक वाली पंप स्टोरेज हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस तकनीक में बिजली पैदा करने के लिए पानी संग्रह कर उसका इस्तेमाल बार-बार किया जाता है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी और केंद्र सरकार की एजेंसी वैपकास ने इसके लिये अनुबंध पत्र पर पर हस्ताक्षर किये हैं।

पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आईएएस) एवं प्रबंध निदेशक श्री एनके बिजौरा की उपस्थिति में वैपकास के सीनियर एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अमिताभ त्रिपाठी एवं पॉवर कंपनी के मुख्य अभियंता (सीपी एंड बीडी) श्री एचएन कोसरिया ने अनुबंध पत्र में हस्ताक्षर किये। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पिछले दिनों केबिनेट में छत्तीसगढ़ राज्य जल विद्युत परियोजना (पंप स्टोरेज आधारित) स्थापना नीति 2022 को मंजूरी दी थी।

| प्रोजेक्ट | मेगावाट |
|---|---|
| हसदेव बांगो कोरबा | 1200 |
| सिकासेर जलाशय गरियाबंद | 1200 |
| जशपुर (डांगरी) | 1400 |
| जशपुर (रौनी) | 2100 |
| बलरामपुर (कोटपल्ली) | 1800 |

प्रदेश के पाँच स्थानों को पंप स्टोरेज जल विद्युत परियोजना के लिए चिह्नित किया गया है। इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने का कार्य वैपकास करेगी। पंप स्टोरेज जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु सर्वे, अनुसंधान, स्थल चयन, चिन्हांकन व विकास के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

इस तकनीक में ऊंचे और निचले स्थान पर पानी स्टोरेज टैंक बनाया जाता है। गुरुत्वाकर्षण स्थितिज ऊर्जा (कायनेटिक इनर्जी) का उपयोग करते हुए पानी को निचले स्थान पर छोड़कर टरबाइन को घुमाया जाता है, जिससे बिजली पैदा होती है।

इस अवसर पर पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक सर्वश्री सीएल नेताम, आलोक सिंह, एमआर बागड़े, मुख्य अभियंता श्री एसपी चेलकर तथा वैपकास के एसीई श्री गौरव कुमार व प्रोजेक्ट मैनेजर अरूण देव उपस्थित थे।

# मड़वा में शुरू हुआ 50 किलोवाट का रूफ टॉप ऑनग्रिड सोलर प्लांट

**मड़वा**। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में बहुप्रतीक्षित 50 किलोवॉट क्षमता का रूपटॉप ऑनग्रिड सोलर प्लांट शुरू हो गया है। कार्यपालक निदेशक श्री एसके बंजारा ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के दिशानिर्देश पर 300 किलोवाट क्षमता की चार रूपटॉप ऑन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इनमें 100-100 किलोवॉट की दो इकाइयां और 50-50 किलोवॉट की दो इकाइयां लगाई जाएंगी। पहले चरण में 50 किलोवॉट क्षमता



की पहली इकाई की स्थापना विद्युत संयंत्र परिसर में यूनिट क्रमांक दो के ईएसपी भवन की छत पर किया गया। 50 किलोवॉट क्षमता की सोलर प्लांट का कार्य पूरा होते ही इसका संचालन कर दिया गया है। सोलर प्लांट शुरू होने से एबीवीटीपीएस मड़वा को गैरपारंपरिक विद्युत ऊर्जा उत्पादन एवं पर्यावरण में कार्बन उत्सर्जन की मात्रा कम करने में मदद मिलेगी। ईडी श्री बंजारा ने इस कार्य को पूरा करने के लिये अधीक्षण अभियंता आरके नायक, क्रेडा के कार्यपालन अभियंता सर्वश्री राकेश वर्मा, सहायक अभियंता दीपक साहू की सराहना की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता आलोक लकरा, रामजी सिंह, एसएन देवांगन, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी एवं ईएमडी के कार्यपालन अभियंता रमेश खांडे उपस्थित थे।

Reform-4

# समयसीमा में सीआर नहीं लिखने वालों का रूकेगा वेतन जनवरी में ही बनेगा पदोन्नति पेनल



## वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (ACR)/मूल्यांकन प्रतिवेदन (AR) हेतु नई समय सीमा निर्धारित



वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (Annual Confidential Report)/मूल्यांकन प्रतिवेदन (Appraisal Report) निर्धारित समय सीमा से अत्यंत विलंब से जमा किये जाने पर कर्मचारी/अधिकारी की पदोन्नति, उच्च वेतनमान प्रकरणों के निराकरण एवं गोपनीय चरित्रावली में अंकित टीकाओं की संसूचना में अनावश्यक विलंब होता है। इस अनावश्यक विलंब से कई अधिकारी/कर्मचारी पदोन्नति का लाभ पाने से पूर्व ही सेवा निवृत्त हो जाते हैं। अतः वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (ACR)/मूल्यांकन प्रतिवेदन (AR) समय सीमा में लिखें जाने हेतु प्रक्रिया निम्नानुसार पुनरीक्षित की जा रही है:-

**1). वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (ACR)/मूल्यांकन प्रतिवेदन (AR) लिखे जाने हेतु पुनरीक्षित समय सीमा-**

| क्र. SN. | प्राधिकृत अधिकारी Name of Authority | उच्च अधिकारियों को वार्षिक गोपनीय चरित्राावली /मूल्यांकन प्रतिवेदन भेजने की समय सीमा Date by which appraisal report is to be submitted to next higher authority | | |
|---|---|---|---|---|
| | | For ED/CE/ACE/SEs & equivalent ranks | For AE/EE & equivalent ranks | For Class-III-IV staff |
| 1 | स्व-मूल्यांकन प्रतिवेदक (Appraisee Officer) | 10th June | 10th June | - |
| 2 | प्रतिवेदन अधिकारी (Reporting Officer) | 10th July | 10th July | 10th June |
| 3 | समीक्षक अधिकारी (Reviewing Officer) | 10th Aug. | 10th Aug. | 10th July |
| 4 | स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी (Accepting Officer) | - | 10th Sep. | 10th Aug. |

2). जो अधिकारी स्वयं का या अधीनस्थ अधिकारियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन (AR) या अधीनस्थ कर्मियों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (ACR) उपरोक्त निर्धारित तिथि तक संबंधित उच्च अधिकारी के कार्यालय में जमा नहीं करते हैं, उनको प्रतिवेदक अधिकारी (ReportingOfficer/समीक्षक अधिकारी (ReviewingOfficer)/ स्वीकारकर्ता प्राधिकारी (Accepting Authority)(जो लागू हो), सभी लंबित प्रतिवेदन दस दिन के अंदर जमा करने के लिए अर्द्ध शासकीय पत्र लिखेंगे।

3). यदि संबंधित कर्मचारी/अधिकारी उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक सभी लंबित प्रतिवेदन (ACR/AR) जमा नहीं करते हैं या उसका कोई संतोषप्रद कारण सूचित नहीं करते हैं, तो प्रतिवेदक अधिकारी /समीक्षक अधिकारी / स्वीकारकर्ता प्राधिकारी (जो लागू हो) संबंधित कर्मचारी/अधिकारी को अर्द्ध शासकीय पत्र लिखेंगे एवं संबंधित लेखा विभाग को निर्देश जारी करेंगे कि संबंधित अधिकारी द्वारा दी गई समय सीमा में लंबित प्रतिवेदन (ACR/AR) जमा नहीं की गई है, अतः जब तक उनसे उपरोक्त लंबित प्रतिवेदन (ACR/AR) संबंधित कार्यालय में जमा करने का पुष्टिकरण प्राप्त न हो, तब तक उनके सभी आगामी भुगतान योग्य वेतन (Net Payable Amount) के 50% का भुगतान अस्थाई रूप से स्थगित (विथहेल्ड) रखा जावे।

संबंधित कर्मचारी/अधिकारी द्वारा इस आशय की सूचना कि उनके द्वारा सभी लंबित वार्षिक गोपनीय चरित्रावली /मूल्यांकन प्रतिवेदन उच्च कार्यालय में जमा कर दी गई है, प्राप्त होने के बाद संबंधित लेखाविभाग द्वारा सभी स्थगित भुगतान एक साथ जारी किया जावेगा।

4). यदि निर्धारित तिथि (कंडिका एक के अनुसार) के 30 दिन के बाद तक भी किसी संबंधित अधिकारी द्वारा अपना मूल्यांकन प्रतिवेदन नहीं जमा किया जाता है तो प्रतिवेदन अधिकारी इस आशय की टिप्पणी दर्ज करते हुए स्वयं मूल्यांकन कर समीक्षक अधिकारी को मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रेषित कर सकेंगे।

5). यदि 31 दिसंबर तक कर्मचारी/अधिकारी की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली/ मूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होती है तो ऐसे सभी संबंधित कर्मचारी/अधिकारी के पिछले वर्षों के उपलब्ध वार्षिक गोपनीय चरित्रावली /मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर पदोन्नति हेतु आवश्यक पेनल जनवरी माह में बनाया जाएगा, परन्तु उस कर्मचारी/अधिकारी के पदोन्नति पर अंतिम निर्णय, सभी आवश्यक वार्षिक गोपनीय चरित्रावली /मूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त होने पर ही लिया जावेगा।

6). वार्षिक गोपनीय चरित्रावली/मूल्यांकन प्रतिवेदन निर्धारित समय सीमा (कंडिका एक के अनुसार) 1 माह से अधिक विलंबित होने पर या उपरोक्तानुसार निर्देशों का पालन नहीं होने पर, नियंत्रणकर्ता अधिकारी या संबंधित कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा सभी संबंधित कर्मचारी/अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर, तद्उपरांत सक्षम अधिकारी के माध्यम से "कारण बताओ नोटिस" जारी कर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

7). संबंधित स्टॉफ आफिसर/निज सचिव/निज सहायक का दायित्व होगा कि निर्धारित समय सीमा में वार्षिक गोपनीय चरित्रावली/मूल्यांकन प्रतिवेदन नहीं प्राप्त होने पर वे संबंधित नियंत्रणकर्ता अधिकारी को अविलंब अवगत करायेंगे।

# ट्रांसमिशन कंपनी को मिला सर्टिफिकेट ऑफ़ एप्रिसिएशन




द इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियर्स (इंडिया) ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को बेहतरीन उपलब्धियों (आउट स्टैंडिंग परफार्मेंस) के लिये सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ राज्य ट्रांसमिशन कम्पनी की इन विशेष उपलब्धियों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल और पॉवर कंपनी के सभी इंजीनियरों एवं स्टाफ को बधाइयां प्रेषित की है।

भारत सरकार से साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के रूप में मान्यता प्राप्त द इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियर्स (इंडिया) की स्थापना आजादी के पूर्व रॉयल चार्टर के तहत 1935 में की गई है। यह संस्था प्रतिवर्ष भारत में इंजीनियरों को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले उद्योगों को "इंडस्ट्री एक्सेलेन्स अवार्ड" देती है। द इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियर्स (इंडिया) के तमिलनाडु चेप्टर ने चेन्नई में 16 दिसम्बर को 37 वें इंडियन इंजीनियरिंग अधिवेशन का आयोजन किया।

**ट्रांसमिशन उपलब्धता फैक्टर**

| वर्ष | लक्ष्य | उपलब्धि |
|---|---|---|
| 2019 | 99% | 99.93 % |
| 2020 | 99% | 99.77 % |
| 2021 | 99% | 99.78 % |
| 2022 | 99% | 99.79 % |

समारोह में तमिलनाडु राज्य सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ के. पोन्मुडी ने इंडस्ट्री एक्सेलेन्स अवार्ड 2022 समारोह में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को बेहतरीन उपलब्धियों (आउट स्टैंडिंग परफोर्मेंस) के लिए सर्टिफिकेट ऑफ़ एप्रिसिएशन प्रदान किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की तरफ से यह पुरस्कार एडिशनल चीफ़ इंजीनियर व्दय श्री दीपक दवे एवं श्री विनोद अग्रवाल ने चेन्नई में ग्रहण किया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने पिछले चार वर्षों में लगातार ट्रांसमिशन सिस्टम की उपलब्धता फैक्टर और ट्रांसमिशन लॉस के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों से भी बेहतर परफॉर्म किया है। आयोग द्वारा ट्रांसमिशन सिस्टम के उपलब्धता फैक्टर 99% रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके विरुद्ध ट्रांसमिशन कंपनी ने पिछले चार वर्षों में 99.79%, तक की ट्रांसमिशन सिस्टम की उपलब्धता बनाये रखी। इस प्रकार लगातार लक्ष्य से बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जिसके कारण राज्य में बिजली की आपूर्ति में कम से कम व्यवधान हुआ। प्रदेश के ट्रांसमिशन सिस्टम में औसतन 4000 मेगावाट पॉवर का ट्रांसमिशन 400/220/132 किलोवोल्ट की 13000 किलोमीटर से अधिक लंबी अतिउच्चदाब लाइनों और 300 से अधिक पॉवर ट्रांसफॉर्मर के माध्यम से होता है। अधिकांश लाइनें छत्तीसगढ़ के घने जंगलों से होकर गुजरती है, अतः विशेष कर हवा-बरसात के मौसम में लाइनों में आने वाले व्यवधानों को तुरंत दूर कर जल्द से जल्द लाइनों को चालू करना एक चुनौती पूर्ण कार्य होता है, इसके लिए राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में इंजीनियर्स और तकनीकी स्टाफ की कई टीमें हमेशा तैयार रखी जाती है।

अति उच्च दाब लाइनों और पावर ट्रांसफॉर्मर के रखरखाव और मरम्मत के कार्य योजनाबद्ध तरीकों से किये जाते हैं। इन्हीं सब विशेष प्रयासों से ही ऐसी उपलब्धियाँ हासिल हो पाती हैं। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा ट्रांसमिशन सिस्टम में 3.22 % के ट्रांसमिशन लॉस का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके विरुद्ध ट्रांसमिशन कंपनी ने ट्रांसमिशन लॉस को पिछले वर्ष में 3.02% तक नियंत्रित कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है. ट्रांसमिशन लॉस को नियंत्रित करने के लिए कंपनी लाइनों एवं सब स्टेशन के निर्माण में उच्च गुणवत्ता के पॉवर ट्रांसफार्मर और एल्यूमिनियम वायर का उपयोग करता है।

स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में 24 घंटे 365 दिन इंजीनियर्स की एक टीम प्रतिपल बिजली की ग्रिड पर नजर रखती है और कहीं पर भी ओवरलोड होने पर या पॉवर का प्रवाह विपरीत दिशा में होने पर तुरंत सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाये जाते हैं, वहीं दूसरी ओर प्लानिंग डिपार्टमेंट राज्य में होने वाले लोड ग्रोथ को ध्यान में रखते हुए अगले पांच वर्षों की योजना बना कर नए उच्चदाब लाइनों और सब स्टेशन नियमों की रूपरेखा बना कर प्रोजेक्ट डिपार्टमेंट को देता है, जो निर्माण विभाग के साथ मिलकर तय समय सीमा

**ट्रांसमिशन लॉस**

| वर्ष | लक्ष्य | उपलब्धि |
|---|---|---|
| 2019 | 3.22 % | 3.09 % |
| 2020 | 3.22 % | 2.96 % |
| 2021 | 3.22 % | 3.09 % |
| 2022 | 3.22 % | 3.02 % |

लोड ग्रोथ की टाइमिंग को ध्यान में रखकर लाइनों और सबस्टेशनों का निर्माण तत्परता से करता है, जिससे ट्रांसमिशन लॉस को लक्ष्य से कम रखना सम्भव हुआ है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी की लगातार उम्दा परफॉर्मेंस के कारण जहां एक ओर ट्रांसमिशन लॉस कम होने से उपभोक्तओं के टेरिफ कम होते हैं, वहीं दूसरी ओर ट्रांसमिशन सिस्टम की बेहतर उपलब्धता से उपभोक्ताओं को अबाधित विद्युत सप्लाई मिलती है।

# वन क्षेत्रों में सब-स्टेशन के निर्माण का जायजा लिया एमडी ने



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी प्रदेश में बढ़ती विद्युत मांग के मद्देनजर मजबूत पारेषण प्रणाली विकसित कर रही है। इसके लिये प्रदेश के कई क्षेत्रों में अतिउच्च दाब (ईएचटी) उपकेन्द्र तथा उच्च दाब लाइनों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने सघन वन क्षेत्र में निर्माणाधीन इन केन्द्रों का जायजा लिया।

प्रबंध निदेशक श्रीमती बघेल ने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। गरियाबंद जिले के मैनपुर और देवभोग में 132 केवी इंदागांव सब स्टेशन का निर्माण प्रगति पर है, इसका निर्माण आगामी एक माह के अंदर पूर्ण करने का लक्ष्य है। साथ ही नगरी-इंदागांव 132 केवी एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता सर्वश्री केएस रामाकृष्णा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता वीके दीक्षित, अधीक्षण अभियंता वीए देशमुख, पीके गढ़ेवाल, कार्यपालन अभियंता उमाकांत यादव, प्रत्युष अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

विदित हो कि वर्तमान में मैनपुर और देवभोग की विद्युत व्यवस्था 33केवी लाइनों के माध्यम से की जाती है, जो कि गरियाबंद एवं नगरी से सघन जंगलों के मध्य से होकर गुजरती है, जिनकी लंबाई 100 से 125 किलोमीटर के आसपास है। 132केवी की ईएचटी लाइन और सब स्टेशन के ऊर्जीकृत हो जाने के बाद क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान हो जाएगा।

# ब्लैक आऊट होने पर 28 मिनट में चालू हो सकेंगे बिजलीघर



प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुर्नसंचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर रायपुर में 29 दिसम्बर 2022 को सफलतापूर्वक किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि आपात स्थिति में ब्लैक आऊट होने पर कोरबा पश्चिम के बिजली संयंत्रों को शुरू करने हेतु स्टार्ट-अप पॉवर लगभग 28 मिनट में बांगो जल विद्युत संयंत्रों से पहुंचाया जा सके। गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। यह मॉकड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल तथा पॉवर जनरेशन कम्पनी के प्रबंध निदेशक श्री संजीव कुमार कटियार के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) की मानीटरिंग मुंबई स्थित वेस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर के एक्सपर्ट इंजीनियर वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से कर रहे थे।

इस अवसर पर ईडी सर्व श्री के. एस. मनोठिया, श्री सीएल नेताम, सीई केके भगत, केके भौरासे, एसीई श्रीमती शारदा सोनवानी, श्री अविनाश सोनेकर, श्री आर. अरविंद, अधीक्षण अभियंता श्री संजय चौधरी, जीके मण्डावी, अनिल अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा पिल्लई, कार्यपालन अभियंता श्री अर्जुन प्रसाद, जी.पी.सिंह, सहायक अभियंता श्री विन्ध्याचल गुप्ता, श्रीमती प्रीति गुप्ता, सुश्री जुवेना गोम्स, श्री पुष्कर वर्मा, उत्पादन संकाय से कार्यपालन अभियंता के.के.बजाज, हितेन्द्र मार्कन्डेय आदि उपस्थित थे।

# डिजिटल लेन–देन के प्रति लगातार बढ़ रही जागरूकता

प्रदेश में विगत वर्षों में डिजिटल लेन– देन को लेकर जागरूकता बढ़ी है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के उपभोक्ताओं में विभिन्न डिजिटल माध्यमों से भुगतान भी लगातार बढ़े हैं। प्रदेश में भारत बिल पे के जरिए बीते नवंबर महीने में दस लाख 21 हजार से अधिक लोगों ने बिजली बिल का भुगतान किया। वहीं भारत बिल पे प्रणाली से देशभर में रिकार्ड दस करोड़ से अधिक लोगों द्वारा विभिन्न प्रकार का भुगतान एक माह के भीतर किया गया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के अधीन संचालित एकीकृत भुगतान प्रणाली है। पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री अंकित आनंद ने भारत बिल पे प्रणाली के सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान प्रणाली के प्रति लोगों में बढ़े रूझान पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने डिजिटल लेन देन को लेकर लोगों में आ रहे इस बदलाव को सकारात्मक बताते हुए पारदर्शी व्यवस्था के लिए इसे एक अच्छा संकेत बताया।

पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने बताया कि पॉवर कंपनी ने उपभोक्ता सेवा में विस्तार के लिहाज से कई ऑनलाइन सेवाओं को शुरू किया है। इनमें भुगतान के सभी प्लेटफार्म के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। अधिक सुरक्षित तथा आसान माध्यम के तौर पर डिजिटल भुगतान के प्रति लोगों में भी काफी रूझान देखा गया है। श्री खरे ने बताया कि विगत माह ही विभिन्न डिजिटल माध्यमों (भारत बिल पे सहित) से 15,52,531 उपभोक्ताओं ने कुल 912 करोड़ रूपए का भुगतान किया है।

भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) बिल पेमेंट की एकीकृत प्रणाली है, जो ग्राहकों को ऑनलाइन बिल पेमेंट सर्विस देती है. यह बिल पेमेंट के लिए एक इंटरऑपरेबल प्लेटफॉर्म है. यह सिस्टम नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के अंतर्गत काम करता है. बीबीपीएस से बिल भेजने वाली करीब 20,000 इकाईयां जुड़ी हैं. भारत बिल भुगतान प्रणाली भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की कल्पना अनरूप विकसित प्रणाली है जो भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा संचालित है। भारत बिल पे से बिजली, पानी, डीटीएच, टेलीकॉम आदि के बिल का भुगतान एक प्लेटफॉर्म पर किया जाता है।

# बोरी में नए उपकेंद्र का लोकार्पण, 23 गांवों को मिलेगी सुविधा

**दुर्ग**। दुर्ग क्षेत्र के तहत विभागीय संचारण-संधारण संभाग के बोरी में 05 दिसंबर 2022 को नये वितरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। वितरण केंद्र का शुभारंभ कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने फीता काटकर किया। दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने बताया कि बोरी में नया वितरण केंद्र का शुभारंभ हो जाने से 23 ग्रामों के लगभग 7500 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेंगी,




उन्हें किसी भी समस्या के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण त्वरित गति से हो सकेगा। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राजीव गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्री शमशीर अहमद कुरैशी उपस्थित थे।

**मुरमुंदा में खुला नया केंद्र** 17 दिसंबर 2022 को नये वितरण केंद्र का शुभारंभ मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग श्री गुरु रुद्र कुमार ने फीता काटकर किया। मुरमुंदा में नया वितरण केंद्र खुलने से अब इसके अंतर्गत 22 ग्रामों के लगभग 8228 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी, कार्यक्रम में अध्यक्ष, जनपद पंचायत धमधा श्रीमती सरस्वती रात्रे उपस्थित थे।

# उदयपुर में खुला वितरण केंद्र, 28 गांवों को मिलेगी सुविधा

**राजनांदगांव** | खैरागढ–छईखदान - गंडई के ग्राम उदयपुर में नये वितरण केन्द्र का उद्घाटन विधायक श्रीमती यशोदा पिताम्बर वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर विधायक श्रीमती वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों एवं विद्युत विभाग को बधाईयां प्रेषित की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि उदयपुर में नया वितरण केंद्र के शुरू हो जाने से 28 ग्रामों के लगभग 6002 उपभोक्ताओं



को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री छगन लाल शर्मा, सहायक अभियंता सुश्री मदलसा विश्वकर्मा, सुश्री किरण जांगड़ें सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

**36 गांवों के लिए नया डीसी-** ग्राम गैंदाटोला में नये वितरण केन्द्र का शुभारंभ विधायक खुज्जी विधानसभा क्षेत्र श्रीमती छन्नी साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री टी० के० मेश्राम ने बताया कि गैंदाटोला में नया वितरण केंद्र के शुरू हो जाने से 36 ग्रामों के लगभग 5816 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी।

कार्यक्रम में राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री एस० के० शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री पी०सी० साहू सहायक अभियंता श्री जनक राम साहू सहित बडी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की झलक






**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर तक आयोजित 41 वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ पवेलियन देश-विदेश के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र था। छत्तीसगढ़ पवेलियन में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की भावना के अनुरूप प्रदेश के विकास को दर्शाया गया था।

पवेलियन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के स्टाल पर ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को मॉडल द्वारा प्रदर्शित किया गया। योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के आंतरिक क्षेत्रों को शत-प्रतिशत विद्युतीकृत करने की दिशा में किए गए प्रयासों से आए बदलाव को दर्शाया गया। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री श्री शिव डहरिया ने एनर्जी स्टालों का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से नोडल अधिकारी अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री अविनाश सोनेकर की देखरेख में ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश की कामयाबी को दर्शाया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआइडीसी) के मुख्य महाप्रबंधक एस के सिन्हा ने ज्यूरी के सदस्यों को छत्तीसगढ़ के पवेलियन का अवलोकन कराया। अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के लिए सी-मार्ट ग्रामीणों का अपना शापिंग मॉल समेत पवेलियन में छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति से जुड़े हुए उत्पादों को बखूबी प्रदर्शित किया गया। जनजाति समुदाय द्वारा हाथ से बनाई गई वस्तु, कलाकृति, चित्रकारी, परिधानों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# नवनियुक्त एमडी श्री कटियार ने मड़वा प्लांट का किया निरीक्षण



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार द्वारा 7 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री कटियार ने कहा कि मड़वा विद्युत संयंत्र में कोल शार्टेज की समस्या जल्द खत्म होगी। गारे पेलमा कोल माइंस से जल्द ही विद्युत संयंत्र को प्रतिदिन तीन से चार कोल रैक मिलने लगेगा।

उन्होंने सीडब्ल्यू पंप, ईएसपी, एमसीआर पहुंचकर जायजा लिया और तकनीकी भवन स्थित कांफ्रेंस हॉल में बैठक ली। उन्होंने तकनीकी पुर्जों के भंडार का सदुपयोग करने एवं पानी व तेल की खपत में बचत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एसके बंजारा, कार्यपालक निदेशक (सिविल-प्रोजेक्ट) एमआर बागड़े एवं मुख्य अभियंता (सिविल-प्रोजेक्ट) देवेन्द्र नाथ उपस्थित रहे।

# नये वितरण केंद्र का माननीय विधायक ने किया शुभारंभ

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के तहत विभागीय संचारण-संधारण संभाग बेमेतरा के ग्राम अंधियारखोर में 22 दिसंबर 2022 को नये वितरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। वितरण केंद्र का शुभारंभ संसदीय सचिव छ.ग. शासन व विधायक नवागढ़ श्री गुरुदयाल सिंह बंजारे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि अंधियारखोर में नया वितरण केंद्र बन जाने से उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत बेमेतरा श्रीमती रेवती हिरेन्द्र साहू एवं मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# अमलेश्वर में खुला नया उपसंभाग, मिलेगी 40 गांवों को सुविधाएं



**दुर्ग**। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पाटन विधानसभा में नए उपसंभाग अमलेश्वर का शुभारंभ किया। इसके साथ ही नवीन वितरण केंद्र सेलूद एवं 33/11 के.व्ही उपकेंद्र सीट का भी लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री ने 21 दिसंबर 2022 को जमराव में आयोजित कार्यक्रम में किया।

गौरतलब है कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा उपभोक्ताओं की सुविधा में वृद्धि करने के लिए प्रदेश में दो नये उपसंभाग और 88 नवीन विद्युत वितरण केंद्र सृजित किए गए।

दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम जामुलकर ने बताया कि सेलूद वितरण केन्द्र अंतर्गत 19 ग्रामों के लगभग 10411 उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाए प्रदान की जा सकेगी। क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए विद्युत उपसंभाग पाटन के 86 ग्रामों को विभाजित करके एक नया उपसंभाग अमलेश्वर का निर्माण किया गया है।

अमलेश्वर उपसंभाग के अंतर्गत 40 ग्रामों के 22689 उपभोक्ता लाभान्वित होगे। विद्युत उपभोक्ताओं तक निर्बाध तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए 280 करोड़ रुपए की लागत से नवीन 33/11 केव्ही उपकेंद्र झीट (महुदा) का निर्माण किया गया है, जिससे 11 ग्रामों के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

# प्रबंध निदेशक ने किया कर्मशाला का निरीक्षण



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने भिलाई स्थित कर्मशाला संभाग का 18 नवंबर को 2022 को निरीक्षण किया। प्रबंध निदेशक का स्वागत कर्मशाला की कार्यपालन अभियंता श्रीमती बरखा दुबे द्वारा किया गया। उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण किया एवं हाल ही में कड़ी मेहनत से बनाई गई मशीन को देखा साथ ही कर्मशाला की समस्याओं के बारें में पूछा एवं अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं से निराकरण के निर्देश दिये। प्रबंध निदेशक के साथ ही श्री केके भौरासे, मुख्य अभियंता श्री वीके दीक्षित, अति मुख्य अभियंता श्री एच. मेश्राम, अति मुख्य अभियंता श्री पी.पी.सिंग, अधीक्षण अभियंता एवं भिलाई स्थित कार्यालयों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# 65 गांवों के लिए डबल सप्लाई



**बिलासपुर**। मरवाही स्थित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में डबल सप्लाई प्रारंभ किया गया। पूर्व में इस उपकेन्द्र से मरवाही, सिवनी एवं दानीकुंडी (बंसीताल) को विद्युत की आपूर्ति हो रही थी। जिसके परिणामस्वरूप एक ही फीडर से सप्लाई होने के कारण तकनीकी खराबी आने से सप्लाई प्रभावित होती थी। अब कोटमीकला 220 / 132/33 केव्ही उपकेन्द्र से मरवाही 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र को एक नए फीडर से जोड़कर डबल सप्लाई प्रारंभ किया गया है। इस क्षेत्र के 65 गांवों के लगभग 15 हजार उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

# 18 गांवों के लिए खुला नया डीसी



**बिलासपुर** | जयरामनगर एवं चिल्हाटी में वितरण केन्द्र का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री जी. आनंद राव ने फीता काटकर किया। अधीक्षण अभियंता श्री पी.के. कोमेजवार ने बताया कि जयरामनगर वितरण केन्द्र का शुभारंभ होने से 18 ग्रामों के लगभग 8340 उपभोक्ता एवं चिल्हाटी वितरण केन्द्र के 28 ग्रामों के लगभग 7468 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा मिलेंगी कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पी.के. कश्यप, कार्यपालन अभियंता श्री सी. पी. गढ़ेवाल, सहायक अभियंता श्री जितेश दिव्य उपस्थित थे।

# नगरी 132 केवी उपकेंद्र में लगा 40 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर



प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लगातार प्रयासरत है। इसी तारतम्य में धमतरी के नगरी स्थित 132/33 केवी उपकेंद्र में 40 एमवीए के नए ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया है। इससे 342 गांवों में कृषि पंपों सहित 81 हजार उपभोक्ताओं को भरपूर वोल्टेज के साथ विद्युत आपूर्ति मिलने लगी है। कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्ज्वला बघेल ने इस परियोजना से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं । राज्य शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी कार्ययोजना बनाकर कार्य कर रही है। सुदूर ग्रामीण अंचलों को चिन्हित कर वहाँ स्थापित अतिउच्चदाब उपकेन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। 132/33 केवी उपकेंद्र नगरी में चार करोड़ की लागत से 40 एमवीए का नया अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर एक और उपलब्धि हासिल की गई। ट्रांसफार्मर ऊर्जीकरण के दौरान पॉवर कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री वीके दीक्षित, अधीक्षण अभियंता आरके तिवारी, वीए देशमुख, कार्यपालन अभियंता यूके यादव, प्रशांत साहू, इंदू ठाकुर, वीके शर्मा, सहायक अभियंता गण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## घुमका में समस्या निवारण शिविर

**राजनांदगांव** | विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन घुमका के पंचायत भवन में किया गया। इसमें विवादित बिजली बिलों, वोल्टेज की समस्या, नए विद्युत कनेक्शन, मीटर की समस्या, क्षमता वृद्धि संबंधी शिकायतों का निराकरण किया गया। इसमें ईई श्री आलोक दुबे, एई एके धनकर, जेई चंद्कांत साहू समेत सपरंच श्रीमति फूलमती वर्मा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भर्रीटोला में खुला नया वितरण केंद्र, सात हजार उपभोक्ताओं को लाभ

**दुर्ग**। विभागीय संचारण-संधारण संभाग बालोद के ग्राम भर्रीटोला में 22 दिसंबर 2022 को नये वितरण केंद्र का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने किया। उन्होंने कहा कि भर्रीटोला में नया वितरण केंद्र बन जाने से उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी, उन्हें किसी भी विद्युत संबंधी समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, सभी विद्युतीय समस्याओं का निवारण अब भर्रीटोला में ही हो जाएगा। दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने बताया कि ग्राम भर्रीटोला में नया



वितरण केंद्र खुलने से 38 ग्रामों के लगभग 7360 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी, उन्हें किसी भी समस्या के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती अनिता पौशार्य, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती बसंती दुग्गा सहित अधीक्षण अभियंता श्री सलील कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता श्री टी.एल.सहार उपस्थित थे।

**आनंदगांवव में खुला वितरण केंद्र** - साजा के ग्राम आनंदगांव में 16 दिसंबर 2022 को नये वितरण केंद्र का शुभारंभ विधायक बेमेतरा एवं सदस्य मुख्यमंत्री अधोसरंचना एवं उन्नयन विकास प्राधिकरण श्री आशीष छाबड़ा ने फीता काटकर किया। इसका खुलने से अब इसके अंतर्गत 20 ग्रामों के लगभग 8087 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला श्रीमती हीरा देवलाल, सदस्य जनपद पंचायत बेरला श्री महेन्द्र वर्मा, सरपंच श्री अर्शिना कोशले उपस्थित थे।

# ई-मेल पर लिंक को क्लिक करने से बचें, ज्यादातर फिशिंग इसी से





**रायपुर**। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में सायबर सुरक्षा जागरूकता माह मनाया गया। मुख्यालय स्तर पर बैनर पोस्टर एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को जागरूक किया गया।

वैश्विक स्तर पर अक्टूबर माह को सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है।

सभी संयंत्रों में भी सायबर सुरक्षा जागरूकता माह विभिन्न माध्यमों से जैसे बैनर, पोस्टर लगाकर कर्मचारियों को जागरुक किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री सीएल नेताम ने बताया कि सिस्टम में अनावश्यक पोर्ट को ब्लॉक करें, कोई खुला पोर्ट नहीं होना चाहिए और पोर्ट की स्कैनिंग नियमित आधार पर होनी चाहिए।ऑपरेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम में अनावश्यक एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर इंस्टॉल न करें। अकाउंट में पासवर्ड के साथ ओटीपी वाले प्रावधान सेट करें। ईमेल के माध्यम से लिंक क्लिक करके विंडो खोलने से बचें। ज्यादातर फिशिंग इसी लिंक के जरिये हो सकती है।

अकाउंट नोटिफिकेशन को सेट करें ताकि जब कभी आपका अकाउंट खुले तो उसकी सूचना आपके उपकरण तक पहुंचे। घटना का उललेख करने के लिए सबूत और स्क्रीन शॉट सहेजें।

सुरक्षित लोकेशन से ही अपने अकाउंट को एक्सेस करें। जब आपका कार्य हो जाए जो हमेशा लॉग-आउट करें।

अकाउंट नोटिफिकेशन को सेट करें ताकि जब कभी आपका अकाउंट खुले तो उसकी सूचना आपके उपकरण तक पहुंचे।

# कृषि पंप फीडरों के सोलराइजेशन की योजना को मिली मंजूरी

प्रदेश में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कुसुम योजना के तहत कृषि पंप फीडरों के सोलराइजेशन का कार्य रेस्को (आरईएससीओ अर्थात रिन्यूबल एनर्जी सर्विस कंपनी) मॉडल के माध्यम से किया जाएगा। इसमें किसान की जमीन पर निजी सोलर प्लांट लगाए जाएंगे और उन उत्पादकों से उत्पादित बिजली को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी खरीदेगी। इसमें जिन किसानों की जमीन पर प्लांट लगेगा, उसका किराया डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी 30 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से करेगी। इसका निर्णय को माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक लिया गया। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत रेस्को मॉडल पर योजना लागू होना है। इसमें कोई भी निजी उत्पादक कंपनी या किसान, सहकारी संस्था या पंचायत सोलर प्लांट लगा सकेंगे। इस योजना के अन्तर्गत पम्प फीडरों के सोलराईजेशन हेतु निविदा के माध्यम से प्रति यूनिट की क्रय दर निर्धारित की जावेगी, जिस पर विद्युत कंपनी व्दारा सकल उत्पादित विद्युत क्रय करने हेतु 25 वर्षो (संयंत्र के जीवनकाल तक) का अनुबंध किया जायेगा । संयंत्र की स्थापना हेतु लगने वाली भूमि को विद्युत कंपनी द्वारा वार्षिक किराया रूपये 30 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से भुगतान किया जावेगा, जिसमें प्रतिवर्ष 6 प्रतिशत की दर से वृद्धि स्वीकृत की गई है। उक्त वृद्धि से किसानों को अतिरिक्त आय हो सकेगी, राज्य सरकार पर सब्सिडी का भार काम होगा एवं प्रदेश में हरित उर्जा को बढ़ावा मिल सकेगा।

वर्तमान में प्रदेश में 577 कृषि पंप फीडर हैं, जिनसे 1 लाख 75 हजार कृषि पंप जुड़े हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ शासन की ओर से प्रति वर्ष पाँच एचपी के पंप पर 7500 यूनिट और तीन एचपी के पंप पर 6000 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। कृषि पंपों में जितनी बिजली की खपत हो रही है, उतनी बिजली का उत्पादन सोलर प्लांट से करने का लक्ष्य है। सोलर प्लांट से उत्पादित बिजली ग्रिड में डाली जाएगी। ग्रिड से किसानों को कृषि पंपों के लिए पहले की तरह ही बिजली मिलती रहेगी। यह संयंत्र इन कृषि फीडरों के पाँच किलोमीटर के आसपास क्षेत्र में कई भागों में लगेगी। ताकि एक साथ बड़ी जमीन की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि किसान अपनी अनुपयोगी जमीन सोलर प्लांट लगाने दे सकेंगे। एक मेगावाट सोलर प्लांट लगाने में 3.5 एकड़ भूमि की आवश्यकता पड़ती है।

# गठुला में लगा नया पॉवर ट्रांसफार्मर, मिलेगी बेहतर बिजली



**राजनांदगांव** | गठुला में विद्यमान 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत 68 लाख रूपये के लागत से 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार गठुला उपकेन्द्र की क्षमता 5 एमव्हीए से बढ़कर 8.15 एमव्हीए हो गया है। इससे 29 ग्रामों के लगभग 8963 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री टी. के. मेश्राम एवं श्री सलिल कुमार खरे, श्री एस.के. चन्द्राकर, श्री अलोक दुबे उपस्थित थे।

# Chhattisgarh State Power

## January

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

## April

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

## February

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | | | | |

## May


| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

## March

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

## June

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | |



**सामान्य अवकाश**

- जनवरी: 06 छेरछेरा, 26 गणतंत्र दिवस
- फरवरी: 18 महाशिवरात्रि
- मार्च: 08 होली, 18 [illegible] जयंती, 30 रामनवमी
- अप्रैल: 04 महावीर जयंती, 07 गुड फ्राइडे, 14 डॉ. अम्बेडकर जयंती, 22 ईद उल फितर
- मई: 05 बुद्ध पूर्णिमा
- जून: 04 कबीर जयंती, 29 ईद उल जुहा (बकरीद)
- जुलाई: 17 हरेली, 29 मोहर्रम
- अगस्त: 09 विश्व आदिवासी दिवस, 15 स्वतंत्रता दिवस, 30 रक्षाबंधन
- सितम्बर: 07 कृष्ण जन्माष्टमी, 18 हरितालिका तीज, 28 ईद ए मिलाद (मिलाद उन नबी)
- अक्टूबर: 02 महात्मा गांधी जन्म दिवस, 24 दशहरा (विजयादशमी)
- नवम्बर: 12 दिवाली (दीपावली), 19 छठ पूजा, 27 गुरुनानक जन्म दिवस
- दिसम्बर: 18 गुरु घासीदास जयंती, 25 क्रिसमस

**ऐच्छिक अवकाश**

- जनवरी: 03 माता सावित्री बाई फुले जयंती, 04 लुई ब्रेल का जन्म दिवस, 07 [illegible] जयंती, 10 विश्व हिन्दी दिवस, 14 मकर संक्रांति, 15 पोंगल, 20 [illegible] गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश दिवस, 23 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयंती, 26 बसंत पंचमी/[illegible] जयंती
- फरवरी: 15 महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती
- मार्च: 07 होली/शब ए बारात, 09 भाई दूज, 20 [illegible] बाई का बलिदान दिवस, 22 [illegible]

# Companies

2023
HAPPY NEW YEAR

## July

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 31 | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

## October

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

## August

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

## November

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

## September

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

## December

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |



| | |
|---|---|
| | [illegible], 23 [illegible], 26 गुरु [illegible] जयंती |
| अप्रैल | 05 [illegible] जयंती, 06 [illegible] पूजा ([illegible]), 14 बैसाखी, 17 [illegible] जयंती, 21 [illegible], 22 परशुराम जयंती, 25 शंकराचार्य जयंती |
| मई | 22 [illegible] जयंती/महाराणा प्रताप जयंती, 29 [illegible] (ज्येष्ठ शुक्ल) |
| जून | 20 रथयात्रा, 24 वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस |
| जुलाई | 19 डॉ. खूबचंद बघेल का जन्म दिवस |
| अगस्त | 16 पारसी नववर्ष, 21 नाग पंचमी, 29 ओणम |
| सितंबर | 05 [illegible], 14 पोला, 19 गणेश चतुर्थी, 22 नुआखाई, 25 डोल ग्यारस, 28 अनंत चतुर्दशी |
| अक्टूबर | 13 [illegible] जयंती, 14 सर्व पितृमोक्ष अमावस्या, 23 दशहरा (महानवमी), 28 महर्षि वाल्मीकि जयंती / महाराजा अग्रसेन जयंती / [illegible] उत्सव / शरद पूर्णिमा |
| नवंबर | 01 [illegible], 04 डॉ. [illegible] का जन्म दिवस, 11 दीपावली ([illegible]), 13 दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा), 15 भाई दूज, 23 [illegible] जयंती, 24 गुरु तेगबहादुर का शहीदी दिवस |
| दिसंबर | 10 शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस, 25 [illegible] जयंती |

# पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से मिलेगी गुणवत्तापूर्ण बिजली

**दुर्ग**। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर तेजी से कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में दुर्ग क्षेत्र के विभागीय शहर संभाग भिलाई पश्चिम के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र सुन्दर नगर में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से बढ़ाकर 05 एम.व्ही.ए. किया गया। शहर संभाग भिलाई पश्चिम के कार्यपालन अभियंता श्री आर.के.चन्द्राकर ने बताया कि उपकेंद्र के पॉवर ट्रांसफार्मर में



क्षमता वृद्धि से विद्युत उपकेंद्र सुन्दर नगर क्षेत्र के लगभग 6300 उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से सुन्दर नगर, वैशाली नगर, शांति नगर, गुरुनानक नगर एवं बाबा दीप सिंह नगर के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। मुख्य अभियंता श्री जामुलकार ने इस कार्य हेतु टीम को बधाई दी ।

# संविधान की उद्देशिका का किया गया वाचन, डॉ. अम्बेडकर को किया याद





**रायपुर** | संविधान दिवस के अवसर पर नगर संभाग पूर्व रायपुर कार्यालय परिसर में 26 नवंबर को भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। कार्यपालन अभियंता श्री बिम्बिसार नागार्जुन समेत उपस्थित सभी विद्युत कर्मियों ने संविधान की उद्देश्यिका का वाचन किया। इसमें कार्यपालन अभियंता ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रति भेंट की। इस अवसर पर सहायक यंत्रीगण श्रीमती यशोदा रौतिया, श्री वाय. के. नामदेव श्री प्रशात बांते, श्री एच. एस. प्रसाद, श्री टी. आर. कोसरिया एवं श्री ए.के. चक्रवर्ती तथा कनिष्ठ यंत्रीगण सुश्री नीलम पोया, श्री अश्वनी कुर्रे, श्री अनिल वर्मा, श्री भूपेन्द्र वर्मा, प्रिंस मेश्राम उपस्थित थे।

**कोरबा पूर्व**| "संविधान दिवस" के परिप्रेक्ष्य में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में 26 नवम्बर को संविधान दिवस का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री बी.डी. बघेल ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत के संविधान की उद्देशिका का पठन कराते हुए संविधान दिवस कि शपथ दिलायीं एवं संविधान के निर्माणकर्ता बाबा साहेब अम्बेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए संविधान के अनुरूप कार्य निष्पादन के लिए कर्मियों से अपील किया।

कार्यक्रम मे अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, भुवनेश्वर पाटले एवं समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली।

# सार्थक संस्था ने किया खेल स्पर्धा का आयोजन

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी लिमिटेड बिलासपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामाजिक संस्था सार्थक द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मन्नाडोल तिफरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया।

शिक्षक श्री सत्येद्र श्रीवास को कठपुतली एवं नवाचार शिक्षा के लिए संस्था ने सम्मानित किया तथा खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 260 बच्चों को पेंसिल, रबर, बिस्किट एवं टॉफी प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में श्री शरद श्रीवास्तव, श्री अनिल व्यास, श्री संतोष महतो, श्री बी.आर.शर्मा, श्री ए.के.सैनी, श्री आनंद देव तिवारी, श्री मनीष क्षत्री, श्री अमन, श्री इंद्रजीत उपस्थित थे।

# सुगम संगीत प्रतियोगिता में रायपुर ने जीते सबसे अधिक पुरस्कार






**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा अंतरक्षेत्रीय सुगम संगीत एवं स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 नवम्बर को क्रीड़ा भवन डंगनिया में किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने किया। समापन अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशकगण श्री एनके बिजौरा एवं श्री मनोज खरे ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव श्री एम.एस.चौहान, परिषद के रायपुर सेन्ट्रल के अध्यक्ष श्री के.एस. मनोठिया समेत कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। समापन अवसर पर एमडी श्री मनोज खरे ने कहा कि व्यस्तताओं के बीच प्रतिभागियों का कला के प्रति अनुराग देखकर लगता है कि हमारे भीतर जीवंतता बाकी है। तमाम नकारात्मकता के बीच यह उजला पक्ष कंपनी में रचनात्मक माहौल निर्माण करने में सहायक है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उत्पादन श्री एन के बिजौरा ने कहा कि नई पीढ़ी के लोगों का उत्साह कंपनी के हित में है और इसे बेहतर अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 10 क्षेत्रीय कार्यालयों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर, राजनांदगांव से टीमें शामिल हुई। इससे पहले उद्घाटन अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशकों श्री एन.के.बिजौरा, श्रीमती उज्वला बघेल एवं श्री मनोज खरे ने प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। अंतरक्षेत्रीय सुगम संगीत एवं काव्यपाठ प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान के विजेता घोषित किए गए । फिल्मी गीत में (पुरूष वर्ग) में जगमोहन राव, मनीष श्रीवास्तव, (महिला वर्ग) में निवेदिता राघवन एवं दीपाली गुप्ता, गैर फिल्मी गीत (पुरूष वर्ग) में श्रीधर अय्यर,अनिल बिडवईकर,(महिला वर्ग) राखी तंबोली एवं जागृति सालुंके , स्वर वाद्य यंत्र (पुरूष वर्ग) में सागर पिंपलापुरे, तीजू राम नेताम, (महिला वर्ग) दीपाली गुप्ता एवं मानिक वर्मा , ताल वाद्य में मधु गढ़ेवाल एवं अनिल बिडवईकर एवं स्वरचित काव्यपाठ (पुरूष वर्ग) में केशव दुबे, सुधीर ताम्रकार, (महिला वर्ग) निवेदिता राघवन तथा पूजा नागवंशी रहीं। अंतरक्षेत्रीय सुगम संगीत एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र ने छह, रायपुर सेन्ट्रल ने चार,दुर्ग और मड़वा ने तीन-तीन, राजनांदगाँव – कोरबा (पश्चिम) ने एक-एक पुरस्कार अपने खाते में डाले। प्रतियोगिता में दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर क्षेत्र, रायपुर सेन्ट्रल, जगदलपुर, राजनांदगांव , कोरबा (पूर्व) , कोरबा (पश्चिम) एवं मड़वा की टीमों ने हिस्सा लिया।

# वर्कशॉप में लगाई स्टेपिंग मशीन, स्टील नहीं होगा ज्यादा वेस्ट

**भिलाई** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एक मात्र कर्मशाला संभाग भिलाई में उत्पादन क्षमता बढ़ाने एवं कर्मशाला को पूर्ण क्षमता से चलाने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए गुजरात के अहमदाबाद से तीस लाख की लागत से दो नग हाइड्रोलिक स्टेपिंग मशीन मंगवाई गई है।

इस मशीन से टावर एवं उपकेंद्रों में लगने वाले फेब्रिकेटेड सामग्री में नंबर पंच किया जा सकता है। इस मशीन के लगने से



गुणवत्ता में सुधार होने के साथ साथ स्टील के वेस्टेज में बहुतायत मात्रा में कमी आयेगी, जिससे कम्पनी को लाभ होगा।। इस मशीन का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री केके भगत ने 21 दिसंबर को किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री केके भौरासे,अति मुख्य अभियंता श्री अविनाश सोनेकर, अधीक्षण अभियंता श्री पीपी सिंह, कार्यपालन अभियंता श्रीमति बरखा दुबे, अखिलेश गजपाल, श्रीमती ममता कश्यप, श्रीमती एस सुधारानी, श्री एसके साहू एवं श्री टीपी शर्मा भिलाई स्थित कार्यालयों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# हमेशा रंग लाती है, कड़ी मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा और सच्चाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में मुख्य अभियंता रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ श्री संदीप कुमार वर्मा का जन्म 18 नवम्बर 1963 को भोपाल (म.प्र.) में हुआ। अपनी माता स्व. श्रीमती कमला वर्मा एवं पिता स्व. डॉ. के. एन. वर्मा के सुसंस्कारों एवं प्रेरणा से वर्ष 1979 में एम. डी. जैन हायर सेकण्डरी स्कूल सनावद (म.प्र.) से प्रथम स्थान में उत्तीर्ण की। वर्ष 1984 में शासकीय इंजीनियरिंग कालेज वर्तमान एन.आई.टी. रायपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियिरिंग में स्नातक उपाधि ब्रान्च में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण की। इसके उपरांत आपने शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रायपुर में वर्ष 1984 से वर्ष 1986 तक अध्यापन कार्य किया।

तत्पश्चात् वर्ष 1987 में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में स्नातक प्रशिक्षु के रूप में सी.टी. आई. जबलपुर से प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 1988 में आपको सहायक अभियंता के नियमित पद पर सारंगपुर उपसंभाग राजगढ़ ब्यौवरा जिला में पदस्थापना हुई। वर्ष 2006 में आपको कार्यपालन यंत्री के रूप में पदोन्नति प्राप्त हुई एवं कार्यपालन यंत्री (नगर निर्माण) संभाग में पदस्थापना रायपुर राजधानी में हुई। तत्पश्चात् इसी पद पर नगर संभाग उत्तर एवं कार्या0 कार्यपालक निदेशक वाणिज्य में सेवा करने का अवसर मिला। वर्ष 2015 में आपको अधीक्षण यंत्री (वाणिज्य) के पद पर पदोन्नति मिली। इसी पद पर अधीक्षण यंत्री (स्टोर्स) एवं अधीक्षण यंत्री (प्रोजेक्ट) के पद पर कार्य किया एवं अति. मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त की एवं उक्त पद पर बिलासपुर क्षेत्र एवं कार्यपालक निदेशक (संचा-संधा) कार्यालय में कार्य करने का अवसर मिला।
कंपनी ने आपकी कार्यकुशलता एवं क्षमता को देखते हुए अति. मुख्य अभियंता (इंचार्ज मुख्य अभियंता) अम्बिकापुर क्षेत्र का प्रभार नवम्बर 2021 में प्रदत्त किया एवं तत्पश्चात मुख्य अभियंता (रायपुर ग्रामीण क्षेत्र) में जून 2022 में पदस्थापना एवं पदोन्नत किए गए। आपको संचालन-संधारण संकाय (शहर एवं ग्रामीण) एस.टी.एम. संकाय, वाणिज्य संकाय एवं निर्माण संकाय, प्रोजक्ट संकाय एवं स्टोर संकाय में कार्य करने का विशेष अनुभव है।आपने राज्य गठन के उपरांत राजधानी में पोलिस लाईनस, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, एनआईटी, कबीर नगर इत्यादि उपकेन्द्रों का निर्माण एवं उपकेन्द्रों में डबल ग्रिड की विद्युत लाईनें स्थापित करने में विशेष योगदान दिया। कोरबा शहर में आपको टी एण्ड डी लॉस 37-32 प्रतिशत को 8 प्रतिशत तक कम करने हेतु नबम्बर 2020 में मिशन लॉस रिडक्शन के कार्य हेतु प्रतिनियुक्त किया गया था, जिसे कि विशेष प्रयास कर पांच महीने की अल्पावधि में पूरा किया।



**श्री संदीप वर्मा**
मुख्य अभियन्ता
रायपुर ग्रामीण

आपको कार्यपालक निदेशक एस एण्ड पी द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का स्टोर मैन्यूअल बनाने का महती कार्य सौंपा गया था। जिसे समिति के अन्य सदस्यों की सहायता से पूर्ण करवाया गया। अंबिकापुर क्षेत्र में 220 केव्ही उपकेन्द्र विश्रामपुर की विद्युत कटघोरा में टावर गिरने से बाधित हो गई थी, जिससे पांचों जिलों तथा अंबिकापुर जशपुर, बलरामपुर, कोरिया एवं सूजरपुर में हाइड्रल एवं म.प्र. से सीमित मात्रा में विद्युत आपूर्ति प्रदत्त कर अति आवश्यक सेवाओं (यथा अस्पतालों, वहां रखी कोविड वैक्सीन वाटर वर्क्स, एस.ई.सी.एल. इत्यादि)की विद्युत आपूर्ति एवं विभिन्न क्षेत्रों ग्रामीण-शहरी में पावर मैनेज कर पूर्ण किया गया।

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती अपर्णा वर्मा (बीई-सिविल), लक्ष्मी महिला सहकारी बैंक रायपुर में शाखा प्रबंधक रह चुकी हैं। आपकी ज्येष्ठ पुत्री स्तुति तोषी हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर से बीए-एलएलबी (ऑनर्स) हैं। वे यूनिवर्सिटी ऑफ बर्न स्विट्ज़रलैंड से मास्टर्स इन इन्टरनेशनल ट्रेड लॉ एंड इकोनामिक्स की डिग्री हासिल कर वर्तमान में मिनिस्ट्री ऑफ कामर्स नई दिल्ली में सीनियर रिसर्च फेलो हैं। छोटी पुत्री अदिति श्रुति (बीआर्क) यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूजटन (यूएस) में एमएस (कन्सट्रक्शन मैनेजमेंट) का अध्ययन कर रही हैं।

आपके परिवार में कनिष्ठ भाई श्री प्रदीप वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि वर्मा भी पॉवर कंपनी छत्तीसगढ़ में कमशः जनरेशन एवं वितरण में अधीक्षण यंत्री के पद पर सेवारत हैं।

---

## बीपीएल से घरेलू श्रेणी में परिवर्तित उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सुरक्षा निधि से राहत

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को बीपीएल से घरेलू श्रेणी में परिवर्तित हुए उपभोक्ताओं से अतिरिक्त सुरक्षा निधि को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों पर समुचित विचार कर प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिये हैं कि ऐसे सभी उपभोक्ता जो पहले बीपीएल श्रेणी में आते थे और जिनकी खपत बढ़ने से वे अब सामान्य घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता में परिवर्तित हो गए हैं, उनके बिल में जोड़ी गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि को अभी वसूल नहीं किया जाएगा। इस श्रेणी के उपभोक्ताओं के संबंध में स्पष्टता न होने के कारण छत्तीसगढ़ राज्य नियामक आयोग से दिशा-निर्देश प्राप्त किये जाएंगे। इस फैसले से बड़े वर्ग को राहत मिलेगी, जिनके बिल में अतिरिक्त सुरक्षा निधि जोड़ी गई थी। ऐसे उपभोक्ताओं जिन्होंने अतिरिक्त सुरक्षा निधि सहित अक्टूबर माह में बिल जमा कर दिया है, उनके आगामी बिल में इस राशि का समायोजन कर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने बताया कि बीपीएल से एपीएल उपभोक्ताओं की श्रेणी में पहुंच चुके ऐसे लगभग तीन लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को इससे राहत मिलेगी। कंपनी प्रबंधन उनके अतिरिक्त सुरक्षा निधि के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग से निर्देश प्राप्त करेगा, जिसके बाद उनके अतिरिक्त सुरक्षा निधि की वसूली पर निर्णय लिया जाएगा।

# रायपुर- वित्त विभाग से अनुभाग अधिकारियों की सेवानिवृत्ति



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी से सेवानिवृत्त उपरान्त अनुभाग अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी गई। वित्त विभाग से अनुभाग अधिकारी श्री अशोक कुमार शर्मा एवं श्री मित्रभूषण सिंह को कार्यपालक निदेशकगण श्री एम.एस.चौहान एवं श्री संदीप मोदी ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवाओं को महत्वपूर्ण बताया तथा वित्त कार्यालय में पदस्थ रहकर पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से किये गये कार्यों की सराहना की।



# कोरबा पूर्व में दीर्घ सेवा सम्मान




**कोरबा पूर्व** | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह माह दिसम्बर-2022 में रामबाबू गंधर्व, कनिष्ठ पर्यवेक्षक, शिव प्रसाद गवेल, संयंत्र सहा.श्रेणी-एक एवं जवाहर लाल राजवाडे दफ्तरी को विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री बीडी बघेलने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। माह नवम्बर-2022 में गिरीश देशमुख, अधीक्षण अभियंता, रामकरण कुर्मी, कार्यपालन अभियंता एवं चन्द्रप्रभा चौहान, कार्या.सहा.श्रेणी एक, कोरबा पूर्व संयंत्र से स्वेच्छा सेवानिवृत्ति एवं अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये।

# अनुभाग अधिकारी को विदाई



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर में उपमहाप्रबंधक (विधि) कार्यालय में पदस्थ अनुभाग अधिकारी श्री के.पी. पटेल को 30 नवम्बर को भावभीनी विदाई दी गई।

उन्हें पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी, प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ विधि अधिकारी श्री सुनील कुमार पटेल, अनुभाग अधिकारी श्री एस.एन. पटेल, अजय कुमार झारिया, अभिषेक ताम्रकार एवं संदीप अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उज्वल एवं सुखमय जीवन की कामना की।

# वित्त विभाग एवं औद्योगिक संबंध कार्यालय में सेवानिवृत्ति समारोह



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के वित्त विभाग से सहायक प्रबंधक श्री नागेश राम साहू एवं श्री बंशीलाल यादव, भृत्य 31 दिसम्बर 2022 को सेवानिवृत्त हुये। कार्यपालक निदेशक सर्वश्री आलोक सिंह एवं संदीप मोदी ने उन्हें स्मृतिचिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में सर्वश्री ए.के.चंद्राकर, एस.के.शर्मा, श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य एवं रूपेश नाग सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के औद्योगिक संबंध कार्यालय में सेवारत अनुभाग अधिकारी श्री कमलेश कुमार केक्ती को उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री गोपाल खण्डेलवाल ने प्रतीक चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त श्री केक्ती की सेवाओं को कंपनी के लिए बहुमूल्य बताया। कार्यालय सहायक श्रीमती पुष्पा पोद्दार ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

# औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह में नारा एवं कविता प्रतियोगिता






**कोरबा पूर्व** | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में 'औद्योगिक सुरक्षा दिवस' एवं 'औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह' के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनका शुभारंभ कार्यपालक निदेशक श्री बी. डी. बघेल ने किया। इसमें नारा प्रतियागिता हेमन्त कुमार वर्मा (प्रथम), धनश्याम साहू (द्वितीय), एवं नीलम शर्मा (तृतीय)रहे। ठेका कर्मचारियों की नारा प्रतियोगिता में अरूण राठौर वर्मा (प्रथम), महिपाल कैवर्त (द्वितीय) एवं बिफइया (तृतीय) रहे। कविता लेखन में घनश्याम साहू (प्रथम), नीलम शर्मा (द्वितीय) एवं ठेका कर्मी वर्ग से विजय कुमार राठौर (प्रथम), रवि कुमार साहू (द्वितीय) रहे। निबंध प्रतियोगिता हेमन्त कुमार वर्मा (प्रथम), धनश्याम साहू (द्वितीय), एवं बबुली चौधरी (तृतीय) एवं ठेका कर्मी वर्ग से रामानन्दन कंवर (प्रथम), बीनू कुमार कंवर (द्वितीय) एवं विनय कुमार नेताम (तृतीय) रहे।

इसमें अति.मुख्य अभियंता श्री चंचल पैकरा, अंजना कुजुर, राजेश्वरी रावत, भुवनेश्वर पाटले एवं श्री शैलेन्द्र शर्मा विशेष रुप से उपस्थित थे।

**मड़वा** | अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 03 से 09 दिसंबर तक औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा थे। उन्होंने कहा कि किसी कार्य को गलत तरीके से करने वाले श्रमिक व कर्मचारी को उसे कार्य का सही तरीका बताना हम सबकी जिम्मेदारी है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। संरक्षा उपकरणों का उपयोग हमारी आदत में शामिल होना चाहिए। साथ ही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियर मिस एक्सीडेंट की रिपोर्टिंग को अपने व्यवहार में शामिल करें। इसमें अग्नि शमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा से जुड़े उपकरणों की जानकारी दी गई। मेसर्स लेदर टेक कोरबा द्वारा संरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता आलोक लकरा, रामजी सिंह और एसएन देवांगन ने भी अपने विचार रखे। व्यवहार आधारित सुरक्षा विषय पर निबंध व नारा प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों आरएस पैकरा, उदय कुमार राठौर, ओमप्रकाश मिश्रा, संजय बरेठ, पुरूषोत्तम सिंह जगत, संजय वस्त्रकार, राघवेंद्र कसेर को पुरस्कार दिया गया।

## सुरक्षा आधारित किताब का विमोचन



**मड़वा** | सहायक अभियंता सह संरक्षा अधिकारी श्री नरेंद्र देवांगन द्वारा संकलित व संपादित किताब का विमोचन कार्यपालक निदेशक श्री एसके बंजारा ने किया। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पर आधारित इस किताब में संरक्षा अधिकारी श्री नरेंद्र देवांगन ने श्रमिक एवं कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण की आवश्यकता, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग न किए जाने के कारणों और सुरक्षा उपकरणों के मानकों को विस्तार से बताया है। कार्यपालक निदेशक श्री बंजारा ने श्री देवांगन को नई किताब के लिए बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह किताब विद्युत संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी व श्रमिकों के लिए बहुपयोगी है। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजाबाबू कोसरे, श्री आलोक लकरा, श्री रामजी सिंह एवं श्री एसएन देवांगन उपस्थित रहे।

## ऊर्जा संरक्षण सप्ताह पर विविध आयोजन



**कोरबा पूर्व** | डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में दिनांक 14.12.2022 से 20.12.2022 तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह समापन के अवसर पर उपस्थित कार्यपालक निदेशक श्री बी.डी.बघेल ने ऊर्जा बचाव हेतु सुझाव पुस्तिका का विमोचन किया गया। उन्होंनवे इस पुस्तिका को कर्मियों के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में नर्सरी वर्ग से आद्या देशमुख (प्रथम), आशि गुप्ता (द्वितीय), हर्षिका कश्यप (तृतीय) प्राथमिक वर्ग में ओजल साहू (प्रथम), अदिति देशमुख (द्वितीय) देवाशी बरेठ (तृतीय) माध्यमिक स्तर वर्ग में अविका पटेल (प्रथम), तृप्ति साहू (द्वितीय) सागर निर्मलकर (तृतीय) स्थान प्राप्त किया।

# आकृति महिला मंडल ने मनाया बाल दिवस

**मड़वा** |अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के आवासीय कॉलोनी में बाल दिवस पर आकृति महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा विविध कार्यक्रम कराए गए।

कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री एसके बंजारा ने पं. जवाहर लाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया। बच्चों के लिए चित्रकला स्पर्धा,रंगोली प्रतियोगिता, मां व बच्चे का युगल नृत्य,फैंसी ड्रेस,रैंप वॉक का आयोजन किया गया। प्रतिभागी बच्चों को आकृति



महिला मंडल की अध्यक्ष निवेदिता बंजारा के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शशि कोसरिया, उपाध्यक्ष अर्निका लकरा,नीना तिवारी, कमला सिंह, दीपा साहा, उपसचिव सुषमा तारेंद्र,वित्त सचिव पूनम कश्यप,क्रीड़ा सचिव सुमन ठाकुर,सांस्कृतिक सचिव नीतू देवदत्त समेत महिला मंडल की सदस्याओं का भरपूर योगदान रहा।

# क्रिकेट में रायपुर रीजन बना विजेता, बिलासपुर उपविजेता



**मड़वा** | पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मड़वा में हुआ। इस प्रतियोगिता में विद्युत कंपनी के 10 रीजन की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच में रायपुर रीजन ने बिलासपुर रीजन को छह विकेट से हराया। कार्यपालक निदेशक श्री एसके बंजारा ने में बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट की ट्राफी मडवा टीम के श्री दिनेश मेश्राम को प्रदान किया। बेस्ट बैट्समेन रायपुर के गौरव डोंगरे, बेस्ट बॉलर बिलासपुर के श्री दिनेश चंद्रा, बेस्ट विकेटकीपर मडवा टीम के श्री संजू देवांगन और बेस्ट फील्डर मडवा टीम के श्री चंद्रशेखर पटेल रहे। को दिया गया। टूर्नामेंट में क्षेत्रीय क्रीड़ा एंव कला परिषद के सचिव श्री एनके इंग्ले एवं सहसचिव श्री दिनेश मेश्राम ने समन्वय किया। इस मौके पर हौसला आफजाई के लिए मंच पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आलोक लकरा, श्री राजाबाबू कोसरे, श्री आरजी देवांगन, श्री रामजी सिंह, श्री एसएन देवांगन एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी उपस्थित थे।

# नए वितरण केंद्र से मिलेगी 25 गांवों के उपभोक्ताओं को सुविधा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के तहत विभागीय संचारण-संधारण संभाग बालोद के जेवरतला में 13 दिसंबर 2022 को नये वितरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। वितरण केंद्र का शभारंभ संसदीय सचिव एवं विधायक गुण्डरदेही श्री कुंवर सिंह निषाद ने फीता काटकर किया। श्री निषाद ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्युत कंपनी एवं अन्य ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जेवरतला



में नया वितरण केंद्र बन जाने से उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेंगी, उन्हें किसी भी विद्युत संबंधी समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।कार्यक्रम में वितरण केंद्र के विषय पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने बताया कि जेवरतला में नया वितरण केंद्र का शुभारंभ हो जाने से अब इसके अंतर्गत 25 ग्रामों के लगभग 7567 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिलेंगी, उन्हें किसी भी समस्या के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण त्वरित गति से हो सकेगा।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रायपुर सेंट्रल चैंपियन

**अंबिकापुर**। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अम्बिकापुर क्षेत्र की मेजबानी में आयोजित अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2022-23 का खिताब रायपुर सेंट्रल की टीम ने कोरबा पूर्व को 3-1 से हराकर जीत लिया । फाइनल मैच में रायपुर सेंट्रल की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और अपना खिताब बरकरार रखा। विजयी टीम ने रायपुर मुख्यालय आकर प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्वला बघेल से मुकालात की, उन्होंने सभी कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

रायपुर सेंट्रल के कप्तान नीरज वर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट स्मैशर तथा कोरबा पूर्व के अनिल बेक को बेस्ट बूस्टर और शैलेंद्र पैकरा को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पॉवर कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए 18 संभावित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री एपी सिंह, विशिष्ट अतिथि श्री आरके मिश्रा एवं अन्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री महेंद्र कुमार तिवारी एवं मुख्य निर्णायक श्री सज्जन सिंह ने खिलाड़ियों का चयन किया और टीम की घोषणा मुख्य अतिथि एपी सिंह ने की। उन्होंने चयनित सभी खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। फाइनल मैच के दौरान खास बात यह रही कि रायपुर से प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ऑनलाइन जुड़े और लाइव मैच का आनंद लिया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। समारोह का संचालन यतींद्र गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन महेंद्र तिवारी ने किया।



## चयनित खिलाड़ी

अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाली पावर कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए 18 संभावित खिलाड़ी- रायपुर सेंट्रल-

श्री नीरज वर्मा, रायपुर सेंट्रल
श्री प्रशांत उरांव, रायपुर सेंट्रल
श्री राजेश शर्मा, रायपुर सेंट्रल
श्री इंद्रमणी पटेल, रायपुर सेंट्रल
श्री शैलेंद्रपाल पैकरा, कोरबा पूर्व
श्री कृष्ण पाल कंवर, कोरबा पूर्व
श्री अनिल बेक, कोरबा पूर्व
श्री प्रदेश कुमार, कोरबा
श्री शैलेंद कुमार देवांगन, कोरबा
श्री खेलन सिंह यादव, रायपुर क्षेत्र
श्री जावेद खान, रायपुर क्षेत्र
श्री सतीश कुमार चौधरी, मड़वा
श्री गजेंद नेताम, मड़वा
श्री अभिषेक चंदन, मड़वा
श्री निशांत देवांगन, दुर्ग
श्री नरेंद कुमार साहू, दुर्ग
श्री दीनबन्धु नायक, बिलासपुर
श्री अमरजीत बेक, अंबिकापुर

# फुटबाल प्रतियोगिता में हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम रही विजेता





**रायपुर**। अंतरक्षेत्रीय पॉवर कंपनीज फुटबाल प्रतियोगिता में हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम ने खिताब पर कब्जा किया वहीं अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा की टीम उपविजेता रही। टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर का खिताब मड़वा क्षेत्र श्री राहुल भगत को दिया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में अंतर क्षेत्रीय फुटबाल प्रतियोगिता रायपुर क्षेत्र की मेजबानी में 26 नवंबर से शुरू हुई। इसमें प्रदेशभर के 10 क्षेत्रीय टीमों रायपुर क्षेत्र , रायपुर सेन्ट्रल, बिलासपुर , दुर्ग , जगदलपुर, अंबिकापुर, कोरबा ( पूर्व) , कोरबा ( पश्चिम), मड़वा एवं राजनांदगाँव की टीमों ने हिस्सा लिया। कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष तथा कार्यपालक निदेशक श्री जे एस नेताम की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। 26 से 28 नवंबर तक खेली गई फुटबाल स्पर्धा का समापन शानदार मैच के साथ हुआ। फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम की टीम ने मड़वा को 3-0 से शिकस्त दी। समापन समारोह में मुख्य रूप से क्षेत्रीय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष व कार्यपालक निदेशक (रायपुर क्षेत्र) श्री जेएस नेताम, मुख्य अभियंता (परियोजना) श्री राजेंद्र प्रसाद व मुख्य अभियंता (रायपुर ग्रामीण) श्री संदीप वर्मा, अधीक्षण अभियंता श्री मनोज वर्मा, क्रीड़ा सचिव श्री आर के बंछोर उपस्थित थे। उन्होंने विजेता टीम के कैप्टन श्री क्रिस्ट पॉल कुजूर व उपविजेता टीम के कैप्टन श्री अभिषेक कुमार सिंह को ट्राफी प्रदान की। गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब कोरबा पश्चिम के श्री विपिन टोप्पो और गोल स्कोरर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब कोरबा पश्चिम के श्री अमन केरकेट्टा को दिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री एमआर सिल्लारे, कार्यपालन अभियंता श्री एम बिंबीसार, श्री राजेंद्र प्रसाद, श्री विनय चंद्राकर, श्री अमित कुमार, श्री एसके शर्मा व श्री शंकर नायडू उपस्थित थे।

# राज वासनिक ने जीता कांस्य पदक, एमडी श्रीमती बघेल ने दी बधाई



**रायपुर** | दुर्ग क्षेत्र में उतई वितरण केंद्र में तकनीशियन वितरण के पद पर कार्यरत श्री राज वासनिक ने न्यूजीलैण्ड के आकलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉमन वेल्थ प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर पॉवर कंपनी एवं पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल से मुलाकात की। श्रीमती बघेल ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर श्री हेमंत सचदेवा व श्री आनंद मोखरीवाले उपस्थित थे।

# अंतरक्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता में कोरबा पूर्व विजेता

**कोरबा पूर्व** | पॉवर कंपनी अन्तरक्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता का इस वर्ष का खिताब कोरबा पूर्व ने जगदलपुर को हराकर अपने नाम किया। डी.एस.पी.एम.ताप विद्युत कोरबा पूर्व में 10 से 12 नवम्बर 2022 तक आयोजित प्रतियोगिता में नौ टीमों ने हिस्सा लिया। पुरस्कार विरतण समारोह में मुख्य अतिथि श्री बी.डी. बघेल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। पुरूष एकल में कोरबा पूर्व के ही विनोद राठौर विजेता एवं एच.आर साहू उप विजेता रहे,महिला एकल की विजेता शकुंतला कारक,दुर्ग क्षेत्र उप विजेता नमिता जैन,रायपुर सेन्ट्रल,महिला डबल विजेता नमिता जैन एवं कंचन ठाकुर रायपुर सेन्ट्रल उपविजेता शकुंतला कारक एवं अनीता रोही दुर्ग रहीं। कोरबा के वरिष्ठ खिलाड़ी श्री हेतराम साहू अग्नि शमन अधिकारी,श्री महंत कुमार शर्मा (सीनियर हवलदार),श्री एम.आर. सिलारे सहायक प्रबंधक (वित्त,रायपुर)को कोरबा पूर्व के समस्त खिलाड़ियों की ओर से लाइफटाइम एचीव्हमेंट के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



**चयनित खिलाड़ी**

ऑल इंडिया कैरम प्रतियोगिता हेतु चयनित 14 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गई। इनमें सर्वश्री विनोद राठौर,एच.आर साहू,आर.पी. लोधी कोरबा पश्चिम,एस के मोदी बिलासपुर,पी नागेश्वर राव,अनवर अली,सलीम खान,जगदलपुर,एम.आर. सिलारे, सुश्री कविता ठक्कर,कोरबा पूर्व,शकुंतला कारक,अनिता रोही दुर्ग,नमिता जैन,कंचन ठाकुर,रायपुर सेंट्रल रीना गोस्वामी,रायपुर क्षेत्र शामिल हैं।

# मिक्स्ड नेटबॉल फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ को मिला कांस्य पदक




**रायपुर** | गाजियाबाद में1 5-17 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय मिक्स्ड नेटबॉल फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ ने कांस्य पदक हासिल किया है।

पॉवर जनरेशन कंपनी में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता श्री ऐश्वर्य पाठक ने प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम का नेतृत्व किया। इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में छत्तीसगढ़ ने दिल्ली को हराया। ऐश्वर्य इससे पहले भी कई अन्य स्पर्धाओं में राज्य को जीत दिला चुके हैं। छत्तीसगढ़ शासन से पूर्व में श्री ऐश्वर्य पाठक को उत्कृष्ट खिलाड़ी के तौर पर शहीद राजीव पांडेय सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

# लॉन टेनिस में रायपुर रीजन विजेता, कोरबा पश्चिम उपविजेता



**दुर्ग**| केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद व्दारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में रायपुर रीजन विजेता और कोरबा पश्चिम क्षेत्र की टीम को उपविजेता रही। स्पर्धा का आयोजन दिनांक 08 से 10 दिसंबर 2022 तक लॉन टेनिस कॉम्प्लेक्स, सिविक सेंटर भिलाई में किया गया।

स्पर्धा में पावर कंपनीज के सात क्षेत्रों की टीमों के 35 खिलाड़ियों के बीच कुल 52 मैच हुए। ओपन डबल्स में रायपुर क्षेत्र के श्री आरके बंछोर एवं दुर्ग क्षेत्र के श्री रजनीश ओबेराय विजेता तथा कोरबा पश्चिम क्षेत्र के श्री हर्षिल विश्वकर्मा एवं श्री सुनील सिंह की जोड़ी उपविजेता रही। सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। समापन समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री के.एस.मनोठिया, मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, मुख्य अभियंता (सी एंड टीएम) श्री केके भौरासे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एके गौराहा, अधीक्षण अभियंता श्री एसआर बांधे, श्री तरुण ठाकुर, श्री सलील खरे, श्री पीपी सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर ईई आरके चन्द्राकर, श्री सतीश वर्मा, श्रीमती ममता कश्यप, श्री डी.के. भारती, श्री जे.जे.प्रसाद, श्री बी.के.वर्मा, श्री ए.के.बिजौरा, श्री सी.एल.साहू, श्री डीके डुम्भरे, श्री एनए कुरैशी एवं श्री एस.ताम्रकार, प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित हुए। खेल प्रतियोगिता को संपूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले निर्णायक मंडल श्री राजेश पाटिल एवं कुमारी रचना शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

## चयनित खिलाड़ी

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आठ खिलाड़ियों को राष्ट्रीय विद्युत मंडल प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। ये राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

श्री रजनीश ओबेराय, दुर्ग क्षेत्र
श्री आर.के.बंछोर, रायपुर रीजन
श्री हर्शल विश्वकर्मा, कोरबा वेस्ट
श्री विकल्प तिवारी, कोरबा वेस्ट
श्री सतीश शर्मा, रायपुर रीजन
श्री एहतेशाम उलहक, रायपुर रीजन
श्री अनुराग शर्मा, रायपुर सेंट्रल
श्री आर.के.साव, कोरबा वेस्ट

# कुर्यात् सदा मंगलम्



## निशित संग नंदिनी

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में पदस्थ अतिरिक्त मुख्य अभियंता (पीएंडएस) श्री आरजी देवांगन एवं श्रीमती चारूलता देवांगन के सुपुत्र चि. निशित का विवाह जगदलपुर निवासी श्रीमती नीरा भूरा एवं स्वर्गीय निर्मल कुमार भूरा की सुपुत्री सौ. कां. नंदिनी के साथ 02 दिसंबर 2022 को सोल्लास संपन्न हुआ। हार्दिक बधाई....



## अर्जुन संग पायल

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ के कार्यालय में पदस्थ मुख्य रसायनज्ञ श्री अभय मिश्रा एवं श्रीमती अनामिका मिश्रा के सुपुत्र चि. अर्जुन का विवाह इंदौर निवासी श्री जितेंद्र पांडे एवं श्रीमती मीना पांडे की सुपुत्री सौ. कां. पायल के साथ 04 नवंबर 2022 को सोल्लास संपन्न हुआ। हार्दिक बधाई.....

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

# वर्ल्ड ऑफ टैलेंट में अद्विका उइके प्रथम



**रायपुर** | दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र में आयोजित वर्ल्ड ऑफ टैलेंट सीजन-6 प्रतियोगिता में कोरबा की अद्विका उइके ने दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इन्होने 17 दिसंबर 2022 को दिल्ली राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र में वर्ल्ड ऑफ टैलेंट सिजन-6 द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

विभिन्न राज्यों से 106 प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। इसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अद्विका ने फैशन वॉक और डांस में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने 10 ट्रॉफी जीतकर छत्तीसगढ़ का परचम दिल्ली में लहराया।

कक्षा छठवीं की छात्रा अद्विका के पिता श्री नरेन्द्र कुमार उइके एवं माता श्रीमती अनिता सिंह पॉवर जनरेशन कंपनी, कोरबा पश्चिम संयंत्र में अभियंता हैं। उन्हें पॉवर कंपनी की ओर से बधाई।

# जिसने भी गलत राह चुनी बेटी उसे तो हलाहल मिला



ना कभी खुशी मिली और ना ही सपनों का महल मिला
किसी को सूटकेस तो किसी को फ्रिज और जंगल मिला

कोई खुद के लिये रोई कोई अपनों के लिए
ना सहारा मिला और ना बीता हुआ कल मिला

कभी तड़पी खुद के फैसले पे कभी मुँह छिपायी
पर ना दर्द कम हुए और ना ही कोई हल मिला

किसी ने लाँघी घर की दहलीज, कोई ठुकराया प्यार
पर ना सुकुन मिली ना, इंतजार का मीठा फल मिला

बेटियों सम्हल जाओ, और सीख लो इन सबसे
ना अर्थी नसीब हुई ना, किसी को गंगाजल मिला

रखो ऊँचा बाप का सर हमेशा, रची रहे हाथों में लाली
खुशियाँ बढ़ाती है बेटी, जब भी अपनों का संबल मिला

आँखें नीची ना हो भाई की, कभी ना दर्द सहे जुदाई का
जिसने भी गलत राह चुनी बेटी, उसे तो हलाहल मिला

डॉ. निलेश सिंह
(वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी)
रायपुर


# प्रज्ञा का ईटीएच ज्यूरिख में चयन

**रायपुर** | कु. प्रज्ञा पटेल का चयन फ्लूईड साईस एण्ड इंजीनियरिंग (Fluid Science & Engineering) विषय पर ईटीएच (Eidgenissische Technische Hochschule) ज्यूरिख (स्विटजरलैंड) विश्वविद्यालय में हुआ है। कु प्रज्ञा पटेल, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के परियोजना कार्यालय रायपुर में पदस्थ कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल की सुपुत्री है उनकी यह उपलब्धि पर कंपनी के लिए गौरव का विषय है। उन्हें पॉवर कंपनी की ओर से बधाई।



# आयुष का चयन एमबीबीएस में

**रायपुर** | छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर में उपमहाप्रबंधक (विधि) कार्यालय में पदस्थ श्री अजय कुमार झारिया कार्यालय सहायक श्रेणी-एक के सुपुत्र श्री आयुष कमार झारिया ने प्रथम प्रयास में ऑल इंडिया नीट 2022 में एम.बी.बी.एस. में 99949 रैंक अर्जित किया। आयुष को छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस, शासकीय मेडिकल कॉलेज बिलासपुर में प्रवेश मिला है। आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता सहित अपने गुरूजनों को दिया है। बधाई.......



## "आपके पत्र कालम"

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृहपत्रिका संकल्प को और बेहतर बनाने के लिए आप सभी से सार्थक सुझाव आमंत्रित हैं। आप सभी से सृजनात्मक लेख भी आमंत्रित हैं। एक कॉलम आपके पत्र भी प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट पत्रों को नाम फोटो सहित प्रकाशित किया जाएगा। आप हमें procsphcl@gmail.com पर मेल कर सकते हैं या कार्यालय प्रबंधक (जनसंपर्क) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी, डगनिया रायपुर के पते पर भी पत्र प्रेषित कर सकते हैं।

# ट्रांसमिशन कंपनी को मिला सर्टिफिकेट ऑफ़ एप्रिसिएशन



The Institution of Engineers (India)

*on the occasion of*

IEI INDUSTRY EXCELLENCE AWARD 2022

*presents*

**Chhattisgarh State Power Transmission Company Limited**

*with this*

CERTIFICATE OF APPRECIATION

*for commendable quality of performance*

President

Secretary & Director General

37th Indian Engineering Congress, Chennai
16-18 December 2022

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी, डंगनिया रायपुर**

▪ फोन: 0771-2574702 ▪ E-mail: procsphcl@gmail.com